held at 9 a.m. at old Goa Bom-Jesus Basilica in the name of Security and that perception;

(b) if so, whether Government have issued any such directions to ASI in view of any intelligence reports; and

(c) whether they are aware that this will hurt the religious sentiments of a minority community?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPTT. OF EDUCATION & DEPTT. OF CULTURE)(KUMARI SELJA): (a) The Archaeological Survey of India has not directed the authorities of the Basilica of Bom Jesus to discontinue the Mass 'Religious Ceremony' in the name of security and threat perception.

(b) Does not arise.

(c) Does not arise.

**Financial assistance to students in professional colleges**

680. SHRI VIRENDRA KATARIA: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether the Union Government is formulating any scheme to provide financial assistance to the students in professional colleges;

(b) the names of such colleges identified in Punjab by the Central Government for this purpose; and

(c) the details of the scheme and the criteria to be adopted for rendering financial assistance to students?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPTT. OF EDUCATION) (DR. KRUPASINDHU BHOI): (a) to (c) Government is examining the feasibility of formulating and working out modalities of the Scheme of financial assistance to the students pursuing professional courses. The details are to be worked out.

**बाल विधवाओं के कल्याण हेतु योजनाएं**

681. **श्री चिमन भाई हरिभाई शुक्ल:** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) केन्द्रीय सरकार द्वारा देश में बाल विधवाओं के कल्याण हेतु कौन-कौन सी योजनाएं बनाई गई हैं।

(ख) इन बाल-विधवाओं की आर्थिक बेहतरी, आत्म-निर्भरता तथा स्व-रोजगार के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार कितनी संस्थाएं स्थापित की गई हैं या स्थापित किए जाने का प्रस्ताव है,

(ग) क्या राज्य सरकारों ने इस सम्बन्ध में उचित व्यवस्थाएं की हैं और उनके द्वारा शुरू किए गए कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है,

(घ) इस प्रयोजनार्थ वर्ष 1994-95 और वर्ष 1995-96 के दौरान कितनी राशि आवंटित की गई है, और

(ङ) तत्संबंधी ब्यौरा क्या है।

**मानव संसाधन विकास मंत्रालय (महिला एवं बाल विकास विभाग) में राज्य मंत्री (कुमारी विमला वर्मा):** (क) और (ख) विशेषकर वृन्दावन और मथुरा, उत्तर प्रदेश में रहने वाली विधवाओं को केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड अपने कार्यक्रमों के माध्यम से सेवाओं का एक पैकेज प्रदान करता है। किन्तु, बाल विधवाओं के कल्याण के लिये केन्द्र सरकार की कोई विशिष्ट स्कीम नहीं है।

(ग) से (ङ) सूचना राज्य सरकारों से एकत्र की जा रही है और सदन के पटल पर रख दी जायेगी।

**सरदार सरोवर परियोजना से प्रभावित परिवारों का पुनर्वास**

682. **श्री कनक सिंह मोहनसिंह मंगरोला:** क्या जल संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरदार सरोवर परियोजना से प्रभावित हुए 40,727 परिवारों में से बहुत से परिवारों को आवासीय भूखण्ड, कृषि-भूमि और प्रत्येक परिवार के एक सदस्य को नौकरी उपलब्ध नहीं कराई गई है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) इन सभी प्रभावित परिवारों का पुनर्वास कब तक कर दिया जाएगा?